
TEACHERS OF BIHAR

# दैनिक ज्ञानकोश

सीखें-सिखाएं, बिहार को आगे बढ़ायें





teachersofbihar@gmail.com

https://twitter.com/teachersofbihar

https://www.youtube.com/c/teachersofbihar

https://www.facebook.com/teachersofbihar

https://www.linkedin.com/company/teachersofbihar

www.teachersofbihar.org


2024

जयंती विशेष

14 नवंबर 2024

# Teachers of Bihar

The Change Makers

## आज का सुविचार

विफलता तभी होती है जब हम अपने आदर्शों,

उद्देश्यों और सिद्धांतों को भूल जाते हैं।



**जवाहरलाल नेहरू**

**( भारत के प्रथम प्रधानमंत्री )**

जन्म- 14 नवंबर 1889 मृत्यु: 27 मई 1964

राकेश कुमार

www.teachersofbihar.org

# Teachers of Bihar

*The change makers*

# दिवस ज्ञान

**शशिधर उज्जवल**

## 14 नवम्बर

1. **राष्ट्रीय बाल दिवस–** देश के प्रथम प्रधानमंत्री पंडित जवाहरलाल नेहरू के जन्म दिवस को 'बाल दिवस' के रूप में मनाया जाता है। नेहरू जी का बच्चों से बहुत प्यार था। बच्चे उन्हें प्यार से 'चाचा नेहरू' कहा करते थे।
   - **क्या करें?** बाल दिवस के अवसर पर अच्छे बच्चों को उनके उत्कृष्ट कार्यों के लिए पुरस्कृत करें।
2. **पंडित जवाहरलाल नेहरू का जन्म–** पंडित जवाहरलाल नेहरू का जन्म 14 नवम्बर, 1889 ई. को इलाहाबाद के आनन्द भवन में हुआ था। वे एक महान स्वतंत्रता सेनानी, राजनीतिज्ञ और लेखक थे। स्वतंत्रता के पश्चात् वे भारत के प्रथम प्रधानमंत्री बने। 14 वर्ष की आयु तक नेहरू की प्रारंभिक शिक्षा–दीक्षा घर पर ही हुई। वर्ष 1905 में उन्हें इंग्लैंड के हैरो स्कूल में दाखिला मिला। ट्रिनिटी कॉलेज, लंदन से कॉलेज की शिक्षा प्राप्त करने के बाद कैम्ब्रिज विश्वविद्यालय से लॉ की डिग्री प्राप्त की। वर्ष 1912 में कांग्रेस से जुड़े और भारतीय स्वतंत्रता आंदोलनों में भाग लिया, जिसके कारण उन्हें कुल 9 बार जेल भेजा गया। 1935 में अल्मोड़ा जेल में 'आत्मकथा' लिखी। वर्ष 1954 में उन्हें 'भारत रत्न' से सम्मानित किया गया। 'आराम हराम है' का नारा नेहरू जी ही दिया था।
   - **क्या करें?** बच्चों को नेहरू की जीवनी के बारे में बतायें।
3. **विश्व मधुमेह दिवस–** विश्व मधुमेह दिवस वर्ष 1991 से अंतर्राष्ट्रीय मधुमेह महासंघ एवं विश्व स्वास्थ्य संगठन द्वारा मधुमेह के बढ़ते कदम को रोकने के लिए एवं इसके प्रति जागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से मनाया जाता है।
4. **समस्तीपुर जिले का गठन–** समस्तीपुर जिले का गठन 14 नवम्बर, 1972 ई. को दरभंगा जिले के विभाजन कर किया गया था। समस्तीपुर मूल रूप से शमसुद्दीनपुर के नाम से पूर्व में जाना जाता था। इस जिले में चार अनुमण्डल और 20 प्रखण्ड हैं। इसके उत्तर में दरभंगा, दक्षिण में गंगा नदी और पटना जिला, पश्चिम में मुजफ्फरपुर एवं वैशाली, तथा पूरब में बेगुसराय एवं खगड़िया जिला है। समस्तीपुर को मिथिला का 'प्रवेशद्वार' भी कहा जाता है।
5. **डॉ. बीरबल साहनी का जन्म–** महान वनस्पति शास्त्री तथा 'भारतीय जीवाश्म वनस्पति शास्त्र के जनक' डॉ. बीरबल साहनी का जन्म पश्चिम पंजाब के भेरा नामक छोटे से गांव में 14 नवम्बर, 1891 ई. को हुआ था। उन्होंने लखनऊ में 'बीरबल साहनी इंस्टिट्यूट ऑफ पैलियोबॉटनी' की स्थापना की। वे भारतीय विज्ञान कांग्रेस के दो बार अध्यक्ष भी निर्वाचित हुए। भारतीय विज्ञान कांग्रेस ने इनके सम्मान में 'बीरबल साहनी पदक' की स्थापना की है जो भारत के सर्वश्रेष्ठ वनस्पति वैज्ञानिक को दिया जाता है।

Thursday

/teachersofbihar

Madhu priya

# Teachers of Bihar

The change makers

# दिवस विशेष


14 नवंबर

## मधु प्रिया

## समस्तीपुर जिला का गठन 14 नवम्बर



समस्तीपुर जिला 14 नवम्बर, 1972 दरभंगा जिले से अलग हुआ था| समस्तीपुर के वर्तमान जिले में 4 अनुमंडल हैं। समस्तीपुर जिला मुख्यालय में 20 प्रखंड , 3 नगर परिषद/नगर पंचायत, 381 पंचायत और 1260 राजस्व गांव हैं।समस्तीपुर भारत गणराज्य के बिहार प्रान्त में दरभंगा प्रमंडल स्थित एक शहर एवं जिला है। इसका मुख्यालय समस्तीपुर है। समस्तीपुर के उत्तर में दरभंगा, दक्षिण में गंगा नदी और पटना जिला, पश्चिम में मुजफ्फरपुर एवं वैशाली, तथा पूर्व में बेगूसराय एवं खगड़िया जिले है। यहाँ शिक्षा का माध्यम हिंदी, उर्दू और अंग्रेजी है लेकिन बोल-चाल में मैथिली, मगही  बोली जाती है। इसे मिथिला का प्रवेश द्वार कहा जाता है। ये उपजाऊ कृषि प्रदेश है। समस्तीपुर पूर्व मध्य रेलवे का मंडल भी है। समस्तीपुर को मिथिला का 'प्रवेशद्वार' भी कहा जाता है। राष्ट्रीय स्तर पर ख्याति प्राप्त राजेन्द्र कृषि विश्वविद्यालय समस्तीपुर जिले में पूसा नामक स्थान पर है, इसके अलावा यहां राजकीय अभियंत्रण महाविद्यालय है जो सरायरंजन प्रखंड के नरघोघी में स्थित है । इस महाविद्यालय की स्थापना वर्ष 2019 में हुई थी मगर इसका अपना भवन वर्ष 2022 में बनकर तैयार हुआ जिसमें 2022 से पढ़ाई शुरू हुई। नरघोघी में ही राजकीय मेडिकल कॉलेज निर्माणाधीन है जिसकी वर्ष 2024 से शुरू होने की संभावना है। इसके साथ ही जिले के विभूतिपुर में राजकीय पोलीटेक्निक कालेज है एवं सभी अनुमंडल में एक एक आइ टी आइ कालेज एवं नर्सिंग कॉलेज भी है। जिले के युवा इन उच्च शिक्षण संस्थानों से पढ़ कर अपना जीवन संवार रहे हैं। जिले में प्राथमिक शिक्षा की स्थिति संतोषजनक है।




**पंडित जवाहरलाल नेहरू** *Jawaharlal Nehru*, जन्म: 14 नवम्बर, 1889; मृत्यु: 27 मई, 1964) भारतीय स्वतन्त्रता संग्राम के महान् सेनानी एवं स्वतन्त्र भारत के प्रथम प्रधानमंत्री (1947-1964) थे। जवाहर लाल नेहरू, संसदीय सरकार की स्थापना और विदेशी मामलों में 'गुटनिरपेक्ष' नीतियों के लिए विख्यात हुए। 1930 और 1940 के दशक में भारत के स्वतंत्रता आंदोलन के प्रमुख नेताओं में से वह एक थे।

Teachers of Bihar

The Change Makers


राकेश कुमार

# शिक्षा शब्दकोश

आज का शब्द 14.11.2024


## विवेचनात्मक अध्ययन

विवेचनात्मक शिक्षाशास्त्र शिक्षा का एक दर्शन है जो शिक्षण को एक राजनीतिक कार्य के रूप में देखता है। इसमें निश्चित रूप से चुनौतीपूर्ण छात्रों को अपने परिवेश की शक्ति संरचनाओं और यथास्थिति की जांच करना शामिल है।


रोचक तथ्य/सामान्य ज्ञान
Rakesh kumar
पहले 'बाल दिवस' 20 नवंबर को मनाया जाता था,
लेकिन 1964 में ये फैसला लिया गया कि अब से
बाल दिवस जवाहरलाल नेहरू के जन्मदिन पर
14 नवंबर को मनाया जाएगा.
www.teachersofbihar.org

# TOB

राकेश कुमार



# खेल कॉर्नर





## रोइंग खेल

## रोइंग खेल क्या होता है?





रोइंग एक ऐसा खेल जिसमें एक नाव को उसके साथ जुड़े एक पतवार की मदद से आगे बढ़ाना होता है। ये अन्य डिसिप्लीन से अलग होता है क्योंकि इसमें नाव को चलाने वाले एथलीट की पीठ नाव की चाल की दिशा में होती है और वे फिनिश लाइन पीछे की ओर से पार करते हैं।

### रोइंग का इतिहास

रोइंग का इस्तेमाल सबसे पहले **प्राचीन मिस्त्र, ग्रीस और रोम** में यातायात के साधनों के तौर पर किया जाता था।

एक खेल के रूप में इसकी शुरुआत संभवत इंग्लैंड के **18वीं शताब्दी** के शुरू में हुई।

### क्या है खेल के नियम?



- रोअर एथलीट व्यक्तिगत रूप से या फिर **2,4 या 8 की टीमों में 2,000 मीटर** की प्रतिस्पर्धा करते हैं।
- डबल स्कल्स एथलीट प्रत्येक हाथ में एक **पतवार** रखते हैं जबकि स्वीप रोइंग एथलीट दोनों हाथों से एक पतवार को पड़ते हैं। आठ व्यक्तियों की टीम में एक **कॉक्सवेन** होता है।
- हर **10 से 12.5 मीटर** की दूरी पर पानी की गहराई से एक खास तरह की चीज बांधी जाती है जिससे रास्तों को चिन्हित किया जाता है। कोर्स में कम से कम **तीन मीटर की गहराई** होनी चाहिए।




### रोइंग के खेल में कौन सी ट्रॉफी दी जाती है?

रोइंग वह खेल है जिससे वेलिंगटन ट्रॉफी संबंधित है। इसमें प्रतिभागी नदियों में दौड़ लगाते हैं।






**14 नवंबर**

# बाल दिवस

**की हार्दिक शुभकामनाएं**

**Punita Kumari**

www.teachersofbihar.org

14 नवंबर



# पंडित जवाहरलाल नेहरू

## की जयंती पर उन्हें सादर नमन

14 नवंबर 1889 - 27 मई 1964

www.teachersofbihar.org

पुनीता कुमारी





# 14 नवंबर

# बाल दिवस



www.teachersofbihar.org

Madhu priya


TEACHERS OF BIHAR
THE CHANGE MAKERS
प्रो. बीरबल साहनी
जन्म -14 नवम्बर 1891 निधन - 10 अप्रैल 1949
Madhu priya

# जयंती पर कोटि-कोटि नमन





# जवाहरलाल नेहरू

**भारत के पूर्व प्रधानमंत्री**

**14 नवंबर 1889-27 मई 1964**

MADHU PRIYA

www.teachersofbihar.org